पत्र सूचना शाखा
**(मुख्यमंत्री सूचना परिसर)**
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

# मुख्यमंत्री ने सेवानिवृत्त आई0ए0एस0 अधिकारी श्री जितेन्द्र कुमार के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया

**लखनऊ : 09 नवम्बर, 2025**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने सेवानिवृत्त आई0ए0एस0 अधिकारी श्री जितेन्द्र कुमार के निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

आज यहां जारी एक शोक संदेश में मुख्यमंत्री जी ने कहा कि श्री जितेन्द्र कुमार एक योग्य, कर्मठ और व्यवहार कुशल अधिकारी थे। विभिन्न पदों पर कार्य करते हुए उन्होंने अपने दायित्वों का निर्वहन पूरी ईमानदारी और निष्ठा से किया था। उनकी सेवाओं को सदैव याद रखा जाएगा।

मुख्यमंत्री जी ने दिवंगत आत्मा की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है।

——————————

***PN-CM-Grieved-Retd. IAS Officer Shri Jitendra Kumar-09 November, 2025.doc***